प्रेषक ,

नोडल अधिकारी,भूगर्भ जल विभाग/
सदस्य ,जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद्,
जनपद -गौतमबुद्ध नगर ।

सेवा में ,

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (जल),
ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ,
सेक्टर नॉलेज पार्क-4,ग्रेटर नोएडा |

पत्रांक:-1028/भू०ज०वि०/एक्ट(एनओसी)/नो०अधि०/गौतमबुद्धनगर ,दिनांक 27/01/2025

विषय :- तालाबों के माध्यम से भूगर्भ जल पुनर्भरण किए जाने हेतु वांछित सूची /सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय ,

उपर्युक्त विषयक सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 22-08-2023 में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद्, गौतमबुद्धनगर की बैठक में उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन और विनियम) नियमवाली-2020 के अध्याय नौ के उपबंध 26 में उल्लेखित गाइडलाइन के अनुसार ***ऐसे समस्त निजी संस्थाए/संगठनों जिनकेपास 300 वर्ग मीटर या उससे ज्यादा के क्षेत्रफल का भूखण्ड हो, यह सुनिश्चित करेगे कि अधिनियम के प्रारंभ होने से एक वर्ष के भीतर वर्षा जल संरक्षण संरचना उनके द्वारा अपने परिसर में स्थापित कराया जाये |*** जिससे सम्बंधित शपथ-पत्र भी आवेदन में प्राप्त किया जाता है | अधिनियम के प्रारंभ होने से एक वर्ष के भीतर वर्षा जल संरक्षण संरचना द्वारा अपने परिसर में वांछित रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग/तालाबों के माध्यम से भूजल पुनर्भरण सम्बंधित रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

इस क्रम में उद्योगों/संस्थाओं/अवसरचनात्मक/सामूहिक एवं वाणिज्यिक द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के माध्यम से यह अवगत कराया गया कि फर्म के परिसर में स्थापित रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना के माध्यम से परिसर में स्थापित रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना भूजल पुनर्भरण की आवश्यकता पूर्ण करने में सक्षम नहीं है। अतः उद्योगों/संस्थाओं/अवसरचनात्मक/सामूहिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन और विनियम) अधिनियम-2019 में प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में भूजल पुनर्भरण के शेष वांछित मात्रा को पूरा करने हेतु आवश्यक क्षेत्रफल का तालाब का अधिग्रहण करते हुए भूजल पुनर्भरण कराने हेतु निर्देशित किया गया था | उक्त के संबंध में कई उपभोक्ताओं द्वारा यह संज्ञान में लाया गया कि भूजल पुनर्भरण हेतु आवश्यक तालाबों की सूची/ विवरण के अभाव में तालाबों के अधिग्रहण में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा |

अत: उपरोक्त के संबंध में आपसे सविनय निवेदन है कि कृपया संलग्न सूची में वर्तमान में भूगर्भ जल के एनओसी धारक उपभोक्ताओं को अपने सक्षम स्तर से तालाबों के आवंटन हेतु सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे भूजल पुनर्भरण का कार्य प्रभावी रूप से संपादित किया जा सके |

संलग्नक :-यथोक्त

नोडल अधिकारी,भूगर्भ जल विभाग /
सदस्य ,जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद्
जनपद – गौतमबुद्धनगर ।

पत्रांक: /तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित ।

1-जिलाधिकारी/अध्यक्ष,जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद्, गौतमबुद्धनगर के सादर संज्ञानार्थ।
2-मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य सचिव, भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद् गौतमबुद्धनगर के सादर संज्ञानार्थ।
3-श्री अभीष्ट कुसुम गुप्ता /सदस्य, जिलाआद्रभूमि समिति को सूचनार्थ हेतु|

नोडल अधिकारी, भूगर्भ जल विभाग /
सदस्य ,जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद्
जनपद – गौतमबुद्धनगर ।

| क्रम0 सं0 | उद्योग/संस्था का नाम | उद्योग/संस्था का पता | तालाब की आवश्यकता (क्षेत्रफल Hectare में) |
|---|---|---|---|
| 1- | M/s Goodluck Co. | Khsra No.2839, Village Dhoom Manikpur | 4987 Sq.meter |
| 2- | M/s Goodluck Co. | Khsra No.2812, Village Dhoom Manikpur | 0.71 Hectare |
| 3- | M/S Best Food Processor | Plot No. 136, Udyog Kendra Ecotech-3, Greater Noida | 1.01 Hectare |
| 4- | SHEELA FOAM LTD | PLOT NO. 51-A UDYOG VIHAR GREATER NOIDA | Not Available |
| 5- | MRL TYRES LIMITED | A1/2 PLOT NO 10 TO 12 SITE-B SURAJPUR | Not Available |
| 6- | Shree Jagdamba Knits Pvt. Ltd. | Plot No.-G-95 and 105, Site-B, | Not Available |
| 7- | M/s KRBL LIMITED | 9th Mile Stone, Vill Acheja, Post Dujana | Not Available |
| 8- | M/s INDIA YAMAHA MOTOR PVT LTD | Plot No.A-3, INDUSTRIAL AREA, NOIDA | Not Available |
| 9- | M/s CNH INDUSTRIAL INDIA PVT LTD | PLOT NO. 03, UDYOG KENDRA, SURAJPUR | Not Available |
| 10- | BIR HORIZONS | P NO- F-79 SITE-B IND AREA GREATER NOIDA | Not Available |
| 11- | M/S Skylark Dyeing Pvt.Ltd | Plot No. B-2/14, F-31, Site B, Surajpur Industrial Area. | Not Available |
| 12- | RS PINTFAB PVT LTD | Plot No. C-7, C-8/1, C-11, UPSIDC Site C | Not Available |